आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :487 पृष्ठ –4 दिनांक 24 मई 2025 दिन शनिवार

## कानपुर, संभल से लेकर कन्नौज तक... UP में 27 पुलिस अधिकारियों के तबादले

## उत्तर प्रदेश में भारतीय पुलिस सेवा ने 27 पुलिस अधिकारियों का ट्रांसफर किया

उत्तर प्रदेश में भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों का बड़े स्तर पर तबादला हुआ है. तबादले की सूची में कानपुर देहात से कन्नौज तक के करीब 27 पुलिस अधिकारियों के नाम शामिल हैं. इसके साथ ही देवरिया, सुल्तानपुर, गोरखपुर, लखनऊ और भदोही के पुलिस अधिकारियों का ट्रांसफर हुआ है.जिन पुलिस अधिकारियों का तबादला हुआ है उनमें देवेंद्र सिंह सीओ पीटीएस सुल्तानपुर, अमित कुमार पाण्डेय पुलिस उपाधीक्षक पीटीएस, जालौन, नईम खान मंसूरी सीओ सतर्कता अधिष्ठान, लखनऊ, गणेश कुमार सीओ आरटीसी चुनार, मिर्जापुर,सन्त प्रसाद उपाध्याय सहायक पुलिस आयुक्त, कमिश्न. रेट प्रयागराज, अवनीश कुमार गौतम सहायक सेनानायक 06वी वाहिनी पीएसी, मेरठ, अभिषेक प्रताप अजेय पुलिस सीओ जनपद कन्नौज, राकेश प्रताप सिंह सीओ जनपद कुशीनगर और आशुतोष मिश्रा को पुलिस उपाधीक्षक जनपद प्रतापगढ़ में नवीन तैनाती मिली है. मनोज कुमार सिंह जनपद संभल का उपाधीक्षक बनाया गया इसके साथ ही उदय प्रताप सिंह को सहायक सेनानायक, 42वीं वाहिनी पीएसी, प्रयागराज, अरुण कुमार राय पुलिस सीओ झांसी, सुरेंद्र नाथ यादव पुलिस सीओ ६



स्टाफ ऑफिसर अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन, लखनऊ, अमित चौरसिया सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट कानपुर नगर, नरेश कुमार मण्डलाधिकारी वीके, गाजियाबाद, अमित प्रताप सिंह पुलिस सीओ एएनटीएफ उप्र लखनऊ, मनोज कुमार सिंह पुलिस सीओ, जनपद संभल और सिंह दीपशिखा अहिबरन को सहायक सेनानायक, 20वीं वाहिनी पीएसी, इटावा की जिम्मेदारी दी गई है. इनमें सोहराब आलम पुलिस सीओ, रेलवे झांसी, सौरभ कुमार वर्मा पुलिस उपाधीक्षक, जनपद कानपुर देहात, आदित्य कुमार गौतम सहायक सेनानायक, 32वीं वाहिनी पीएसी, लखनऊ, कर्ण सिंह यादव सहायक सेनानायक, 33वीं वाहिनी पीएसी, झांसी, अम्बुजा त्रिवेदी पुलिस सीओ, अभिसूचना मुख्यालय, लखनऊ, अंकित कुमार–2 पुलिस सीओ, सीआईडी मुख्यालय, लखनऊ, गौरव कुमार त्रिपाठी, पुलिस सीओ, जनपद मुरादाबाद, अशोक कुमार सिंह–4, पुलिस सीओ जनपद मुरादाबाद, कमलेश कुमार पुलिस सीओ, जनपद अलीगढ़ और अंकित कुमार–1 को सहायक पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट लखनऊ में नवीन तैनाती की गई है. तबादले की सूची में सभी पुलिस उपाधीक्षकों को आज से ही उनके पूर्व पद से कार्यमुक्त कर नवीन तैनाती के निर्देश दिए गए हैं.

## यूपी में बिजली के निजीकरण के विरोध में उतरे राकेश टिकैत, कहा- तुरंत फैसला वापस ले सरकार

उत्तर प्रदेश में बिजली का निजीकरण के विरोध में लगातार विद्युत कर्मचारियों को विरोध प्रदर्शन जारी हैं, बिजलीकर्मियों ने 29 मई को इसके खिलाफ पूरे प्रदेश में अभियान चलाने का ऐलान किया है. इस बीच भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैन ने भी बिजली के निजीकरण की प्रक्रिया पर आपत्ति जताई है. उन्होंने कहा कि इससे गांवों, किसानों और छोटे व्यवसायियों पर बुरा असर पड़ेगा. टिकैत ने ऐसे फैसलों को वापस लेने की अपील की. राकेश टिकैत ने बिजली के निजीकरण का विरोध करते हुए अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर तीखी प्रतिक्रिया दी और सरकार से इसे वापस लेने की मांग की. उन्होंने लिखा–शबिजली निजीकरण का सीधा प्रभाव गांव, गरीब आम जनता और छोटे व्यवसाय पर पड़ेगा. सरकारी संस्थाओं की तुलना में निजी कंपनियों पर जनता का नियंत्रण और जवाबदेही कम होती है. जिससे साफ पारदर्शिता व उत्तरदायित्व की कमी देखी जा सकती है. ऐसे फैसलों को सरकार तुरंत वापस ले. बिजली निजीकरण का सीधा प्रभाव गांव,गरीब आम जनता और छोटे व्यवसाय पर पड़ेगा सरकारी संस्थाओं की तुलना में निजी कंपनियों पर जनता का नियंत्रण और जवाबदेही कम होती है जिससे साफ पारदर्शिता व उत्तरदायित्व की कमी देखी जा सकती है ऐसे फैसलों को सरकार तुरंत वापस ले। बता दें कि उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड प्रदेश के पूर्वांचल और दक्षिणांचल के 42 जिलों का निजीकरण करने की तैयारी कर रहा है. जिसका बिजली कर्मचारी संगठनों के द्वारा लगातार विरोध प्रदर्शन किया जा है. इसे लेकर कर्मचारी संगठनों और प्रबंधन के बीच कई बार वार्ता भी हो चुकी है लेकिन फिलहाल प्रबंधन अपने फैसले से पीछे हटते हुए नहीं दिखाई दे रहा है. वहीं कर्मचारियों भी अपनी मांगों पर अड़े हैं. उन्होंने साफ कर दिया कि वो निजीकरण नहीं होनी देंगे.बिजली कर्मियों और प्रबंधन के बीच ये टकराव कम होने का नाम नहीं ले रहा है. बिजली के निजीकरण के विरोध में कर्मियों ने 29 मई से अनिश्चिकालीन हड़ताल पर जाने का फैसला किया है. वहीं सरकार भी इसे लेकर सख्त दिखाई दे रही है. खबरों की माने तो सरकार प्रदर्शनकारियों के खिलाफ सख्ती से निपटेगी. बिजली आपूर्ति में बाधा पहुंचाने वालों के खिलाफ कड़े कदम उठाए जाएंगे

## शहीद जवानों के परिजनों के लिए सीएम योगी का बड़ा ऐलान, अब मिलेंगी ये सुविधाएं

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार, 23 मई को शहीद जवानों के परिजनों के लिए बड़ा ऐलान किया. अयोध्या में श्श्री हनुमत कथा मण्डपमश के लोकार्पण कार्यक्रम में सीएम योगी ने जिले के विकास से लेकर महाकुंभ अयोजन की सफलता पर भी अपनी बात रखी.सेना में शहीद होने वाले जवानों के परिजनों के लिए सीएम योगी ने कहा कि श्देश की सुरक्षा के लिए जो भी जवान शहीद होगा, उसको हम पूरा सहयोग करते हैं. 50 लाख की आर्थिक सहायता के साथ नौकरी देंगे. इसके अलावा मुख्यमंत्री योगी ने कहा, श्आज अयोध्या के नाम से लोगों के मन में नया उत्साह देखने को मिलता है. अयोध्या के लिए जब हमने कार्य शुरू किया तो अयोध्यावासियों ने धैर्य का प्रदर्शन किया. कोई विरोध नहीं हुआ, जैसे सेतु बनाने के लिए गिलहरी ने योगदान दिया, वैसे ही यहां के निवासियों ने योगदान दिया. गोरक्षपीठ से जब हम पिछली तीन पीढ़ियों से यहां आते थे तो यहां अव्यवस्था होती थी, अयोध्या एक गुमनामी के रूप में खुद के अस्तित्व के लिए जूझ रही थी.श सीएम योगी ने लोकार्पण समारोह में कहा, अयोध्या धाम में जब कोई आता है तो रामदरबार हनुमानगढ़ी और सरयू तट पर जरूर जाता है. हनुमानगढ़ी में हनुमत कथा मण्डपम बुद्धि और शक्ति का संगम बन गया है. यह समय सनातन धर्म के लिए महत्वपूर्ण समय है, न भूतो न भविष्यति समय है. पिछली सरकारों के लिए जो असंभव था, वही आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार अयोध्या के वैभव को वापस दिला रही है.उन्होंने आगे कहा, अयोध्या ने दुनिया को दीपावली का त्योहार दिया, भगवान श्री राम के लंका विजय से विजयदशमी होती है. हमने यहां दीपोत्सव की शुरुआत की, 2020 में राम जन्मभूमि का फैसला आया, इसके बाद अयोध्या राम मंदिर भूमिपूजन के लिए पहली बार कोई प्रधानमंत्री यहां आये. इससे पहले कई बार कार्यक्रम बना लेकिन पीएम मोदी ने कहा सौगंध राम की खाई है, मंदिर वही बनाएंगे, तभी आएंगे.श सीएम योगी ने कहा, महाकुंभ में आपने देखा जो भी सनातन धर्मावलंबी प्रयागराज आया वो अयोध्या जरूर आया, कोई भी दुनिया के किसी कोने से भारत आया तो अयोध्या जरूर पहुंचा. जैसे काशी में बाबा विश्वनाथ के दर्शन से पहले काल भैरव के दर्शन करते हैं, उसी तरह अयोध्या में रामलला दर्शन से पहले हनुमानगढ़ी के दर्शन करने से पुण्य फलित होता है. आज दस वर्ष बाद अयोध्या आने वाला श्रद्धालु चकित रह जाता है, क्या ये वही अयोध्या है जो दस वर्ष पहले था, अद्भुत परिवर्तन हुआ

## नरभक्षी राजा कोलंदर को उम्रकैद की सजा, 25 साल पुराने केस में कोर्ट ने सुनाया फैसला

प्रयागराज का कुख्यात अपराधी राजा कोलंदर उर्फ राम निरंजन और उसका साथी बच्छराज अब अपनी बाकी जिंदगी जेल में ही गुजारेंगे. सीबीआई मामलों के विशेष न्यायाधीश रोहित सिंह की अदालत ने 23 मई को इन दोनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. दोनों को यह सजा लखनऊ के नाका थाने में दर्ज हत्या, अपहरण और लूट के एक सनसनीखेज मामले में दी गई है.यह मामला साल 2000 का है. अभियोजन के मुताबिक, राजा कोलंदर और उसके साथियों ने एक सुनियोजित साजिश के तहत मनोज कुमार सिंह और उनके ड्राइवर रवि श्रीवास्तव उर्फ गुड्डू का अपहरण किया था. टाटा सूमो गाड़ी समेत दोनों की नृशंस हत्या कर दी गई थी और उनके शव गढ़वा के जंगल में फेंक दिए गए थे, ताकि पहचान ही न हो सके.सरकारी वकील एम.के. सिंह ने अदालत को बताया कि यह मामला आम नहीं, बल्कि पेशेवर और संगठित अपराध का है. आरोपी पहले से कई आपराधिक मामलों में शामिल रहे हैं. राजा कोलंदर के फार्म हाउस से बड़ी संख्या में नरकंकाल और नरमुंड बरामद हो चुके हैं. उस पर पहले भी आजीवन कारावास की सजा हो चुकी है. कई अपराधों पर वेब सीरीज भी बन चुकी है.जज ने क्या कहा?न्यायाधीश ने कहा कि यह अपराध सामान्य लोगों का नहीं, बल्कि असाधारण और दुस्साहसी अपराधियों का काम है. अभियुक्तों ने सामा. जिक भय का माहौल बनाया और निर्दोष लोगों की जान ली.हालांकि अभियोजन ने मृत्युदंड की मांग की थी, लेकिन न्यायालय ने इसे 'दुर्लभ से दुर्लभतम' मामलों की श्रेणी में नहीं माना. कोर्ट ने राजा कोलंदर और बच्छराज को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत क्रमशः 10–10 साल, 7 साल और आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. साथ ही, उन पर लाखों रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है.परि. जनों को मिलेगा मुआवजाकोर्ट ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 357 के तहत आदेश दिया है कि आरोपियों पर लगाए गए जुर्माने की राशि का 40–40ः मृतक मनोज सिंह और रवि श्रीवास्तव के परिजनों को बतौर मुआवजा दिया जाएगा. शेष 20ः राशि राज्य सरकार के व्ययों की पूर्ति में दी जाएगी.कौन है राजा कोलंदर? राजा कोलंदर उर्फ राम निरंजन पूर्वांचल का कुख्यात अपराधी है. उसकी कहानी पर कई वेब सीरीज और टीवी शो बन चुके हैं. आरोप है कि उसके फार्महाउस में नरबलि जैसी गतिविधियाँ भी होती थीं. पुलिस को वहां से नरकंकाल और मानव खोपड़ियां मिली थीं. वर्षों तक वह कानून से बचता रहा, लेकिन आखिरकार कानून के शिकंजे में फंस गया.अब राजा कोलंदर और उसका साथी बच्छराज अपने काले कारनामों की सजा भुगतते हुए आजीवन जेल में रहेंगे. न्यायालय का यह फैसला ऐसे पेशेवर अपराधियों के लिए एक सख्त संदेश है.

## यूपी में 139 पुराने स्टेशन की बदल जाएगी तस्वीर, 498 करोड़ रुपये खर्च करेगा भारतीय रेलवे

पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्यालय गोरखपुर रेलवे स्टेशन का कायाकल्प का काम चल रहा है. गोरखपुर रेलवे स्टेशन दुनिया के सबसे लंबे प्लेटफार्म के लिए लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड्स में अपना नाम दर्ज करा चुका है. इसके कायाकल्प के लिए अमृत स्टेशन योजना के तहत 498 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है. इसके नए भवन को तैयार करने और कायाकल्प के लिए ढाई साल का समय लगेगा. गोरखपुर रेलवे स्टेशन को इस तरह से डेवलप करने का प्लान तैयार किया गया है, जिससे यहां आने वाले यात्रियों और पर्यटकों को इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आने का अहसास होगा. इसके साथ ही दोनों मुख्य द्वार पर भारतीय संस्कृति की झलक दिखेगी. मुख्य दक्षिणी द्वार पर गोरखनाथ मंदिर तो वहीं उत्तरी द्वार पर गीता प्रेस की झलक यात्रियों और पर्यटकों को यहां की संस्कृति से जोड़ेगी.498 करोड़ रुपए के पुनर्विकास कार्यों का शुभारंभगोरखपुर

पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 7 जुलाई 2023 को गोरखपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन से गोरखपुर से वाया अयोध्या होते हुए लखनऊ के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी देकर रवाना किया. अब इसका विस्तार प्रयागराज तक कर दिया गया है. उसी दौरान गोरखपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन के 498 करोड़ रुपए के पुनर्विकास कार्यों का शुभारंभ भी किया. गोरखपुर रेलवे स्टेशन को डेवलप करने के का काम शुरू हो चुका है. वर्ष 2027 के अंत तक इसे पूरा करना है. उन्होंने बताया कि इंटरनेशनल एयरपोर्ट की तर्ज पर इसे डेवलप किया जाएगा. यहां आने वाले यात्रियों और पर्यटकों को गोरखपुर की संस्कृति की झलक दिखाई देगी. उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसके मॉडल को देखकर तारीफ की है. उन्होंने आश्वस्त किया है कि राज्य सरकार से हर तरह का सहयोग मिलेगा.गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर रूफ प्लाजा, फूड कोर्ट, काम. र्शियल काम्प्लेक्स, बच्चों के खेलने के लिए पार्क के साथ अगले 50 सालों के प्लान के मुताबिक कनेक्टिविटी का भी खास ध्यान रखा जाएगा. प्रस्तावति गोरखपुर मेट्रो और बस स्टेशन के साथ कनेक्ट करने के साथ तीन लेन की सड़क यात्रियों को प्लेटफार्म तक पहुंचने की सुविधा भी देगी. गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर बच्चों के खेलने के लिए पार्क भी होगा. यात्रियों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं गोरखपुर रेलवे स्टेशन में हर रोज एक लाख यात्रियों का आवागमन होता है. ऐसे में यात्रियों को किसी भी तरह की असुविधा नहीं हो, इसका भी ध्यान रखा जाएगा. उन्होंने बताया कि पुराने भवन के आगे निर्माण का कार्य शुरू हो चुका है. इसके पूरा होने के बाद सारे कार्यालयों और सामान को उसमें शिफ्ट करने के बाद पुराने भवन को तोड़ा जाएगा. इससे यात्रियों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होगी.गोरखपुर पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि 15 जनवरी, 1885 को सोनपुर से मनकापुर तक मीटर गेज रेल लाइन के निर्माण के साथ ही गोरखपुर रेलवे स्टेशन अस्तित्व में आया. वर्ष 1886 में गोरखपुर से उस्का बाजार लाइन के निर्माण के साथ ही गोरखपुर जंक्शन बना. वर्ष 1981 में छपरा से मल्हौर तक का आमान परिवर्तन पूर्ण हुआ और गोरखपुर जंक्शन बड़ी लाइन से देश के अन्य महानगरों से जुड़ा. वर्ष 2004 में यहाँ दोहरीकरण का कार्य सम्पन्न हुआ. समय के साथ गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर गाड़ियों एवं प्लेटफॉर्मों की संख्या में वृद्धि और स्टेशन के यार्ड रिमॉडलिंग का कार्य अपरिहार्य हो गया.रैम्प के साथ इसकी लम्बाई 1,36,633 मीटरगोरखपुर जंक्शन स्टेशन का यार्ड रिमॉडलिंग 6 अक्टूबर, 2013 को पूरा हुआ. इसी के साथ गोरखपुर जंक्शन स्टेशन का प्लेटफॉर्म विश्व का सबसे लम्बा प्लेटफॉर्म बना था. इस प्लेटफॉर्म की लम्बाई 1355.40 मीटर है तथा रैम्प के साथ इसकी लम्बाई 1,36,633 मीटर है.इसे लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के विश्व रिकॉर्ड में स्थान मिला था. अब कर्नाटक का हुबली रेलवे स्टेशन 1507 मीटर दुनिया के सबसे लंबे प्लेटफार्म के लिए जाना जाता है. गोरखपुर रेलवे स्टेशन दुनिया के दूसरे सबसे लंबे प्लेटफार्म के लिए पहचान रखता है. गोरखपुर जंक्शन स्टेशन पर कुल 10 प्लेटफॉर्म हैं.यह स्टेशन गोरखपुर जनपद की लगभग 44.5 लाख की आबादी सहित निकटवर्ती जनपदों एवं नेपाल क्षेत्र के लोगों को भी अपनी सेवाएं दे रहा है. प्रतिदिन लगभग 1 लाख से अधिक यात्रियों का आवागमन होता है. गोरखपुर जंक्शन स्टेशन का पुनर्विकास आगामी 50 वर्षों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर किया जा रहा है. उस समय गोरखपुर जंक्शन स्टेशन पर यात्री आवागमन लगभग 1,68,000 प्रति दिन होगा. गोरखपुर रेलवे स्टेशन से प्रस्तावित मेट्रो लाइन और बस स्टेशन की कनेक्टि. विटी का भी ध्यान रखा गया है.वर्तमान में मुख्य स्टेशन भवन का निर्माण 5,855 वर्ग मीटर एवं द्वितीय प्रवेश द्वार का निर्माण 720 वर्ग मीटर में किया गया है. प्रस्तावित स्टेशन का निर्माण 17,900 वर्ग मीटर एवं द्वितीय प्रवेश द्वार का निर्माण 7,400 वर्ग मीटर में किया जाएगा. प्रस्तावित कॉन्कोर्स 6,300 वर्ग मीटर बनाया जाएगा. जहाँ 3,500 व्यक्ति एक साथ बैठ सकते हैं. कार, टू व्हीलर्स, थ्री व्हीलर्स की पार्किंग क्षमता 427 ई.सी.एस. है. जबकि प्रस्तावित पार्किंग क्षमता 838 ई.सी.एस. है. इसमें रूफ प्लाजा फूड आउटलेट, वेटिंग हॉल, ए.टी.एम. एवं किड्स प्ले एरिया का प्रावधान किया गया है. दो अतिरिक्त पैदल उपरिगामी पुल (एफ.ओ.बी.) 6 मीटर चौड़े होंगे.रेलवे स्टेशन पर आगमन और प्रस्थान के लिए अलग व्यवस्था होगी. मल्टी फंक्शनल कॉम्प्लेक्स का प्रावधान किया गया है. होटल, वाणिज्यिक केन्द्र, शॉपिंग मॉल का प्रावधान किया गया है. सेंट्रल मॉल, सर्कुलेटिंग एरिया में ग्रीन पैच, कामर्शियल ब्लाक, बजट होटल, पैदल आवागमन के लिये छाजनयुक्त पाथ–वे, 10,800 वर्ग मीटर में कॉन्कोर्स, 106 मीटर चौड़ाई के दो अति. रिक्त एफ.ओ. बी., रूफ कवरिंग एरिया 31,000 वर्ग मीटर, 44 लिफ्ट, 21 एस्केलेटर, 300 वर्ग मीटर में टिकट खिड़कियां होंगी. 139वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजनइसी साल मकर संक्रांति के अवसर पर 15 जनवरी को गोरखपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 पर गोरखपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन के 139वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया. इसी दौरान गोरखपुर के सांसद रविकिशन ने विरासत एवं विकास पर आधारित फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया. वर्ष 1981 में छपरा से मल्हौर तक का आमान परिवर्तन पूर्ण हुआ

# हाथरस में सफाई कर्मचारियों की 5 सूत्रीय मांग वेतन, ESIC कार्ड और किट समेत कई मुद्दों पर नगर पालिका में किया प्रदर्शन, दिया ज्ञापन

हाथरस नगर पालिका में सफाई कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन कार्यालय अधीक्षक को सौंपा। उत्तर प्रदेश प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ की हा. थरस शाखा ने 5 प्रमुख मांगें रखी हैं।ज्ञापन में कहा गया है कि ठेका सफाई कर्मचारियों का 23 मई 2025 तक का वेतन बकाया है। संघ ने मांग की है कि हर महीने की 5 तारीख को वेतन भुगतान की तिथि तय की जाए। कर्मचारियों के वेतन से म्ैप्ब् की कटौती होती है, लेकिन उन्हें अभी तक म्ैप्ब् कार्ड नहीं मिले हैं।वर्षा ऋतु को देखते हुए सभी ठेका सफाई कर्मचारियों को किट की मांग की गई है। बढ़ते तापमान को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देश पर कार्य



समय में बदलाव की मांग की गई है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की गाइडलाइन के अनुसार जीवन रक्षण किट की मांग भी की गई है।जल्दी समस्या के समाधान की अपील सफाई मजदूर संघ ने नगर पालिका से इन समस्याओं का जल्द समाधान करने की अपील की है। संघ ने अधिकारियों से की गई कार्रवाई से अवगत कराने का भी अनुरोध किया है।

## सादाबाद में निकली शौर्य तिरंगा यात्रा सांसद–विधायक समेत कई नेताओं ने की शिरकत, पहलगाम के पीड़ितों को दी श्रद्धांजलि

सादाबाद तहसील के कस्बा सहपऊ और सादाबाद में ऑपरेशन सिंदूर की विजय गाथा के प्रचार के लिए शौर्य तिरंगा शोभायात्रा निकाली गई। सहपऊ में यात्रा एमएल इंटर कॉलेज से शुरू होकर होल. ीगेट स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक पर संपन्न हुई।सादाबाद में यात्रा महाराजा अग्रसेन सेवा सदन से प्रारंभ होकर जवाहर बाग होते हुए गांधी पार्क पर समाप्त हुई। दोनों कस्बों में यात्रा के दौरान युवाओं ने भारत माता की जय, जय जवान और वंदे मातरम के नारे लगाए।स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक पर पहलगाम में मारे गए निर्दोष पर्यटकों और ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। मौजूद राजनेताओं ने कहा कि पाकिस्तान की किसी भी दुस्साहस का जवाब उसी की भाषा में दिया जाएगा।कार्यक्रम में सांसद अनूप वाल्मीकि, विधायक प्रदीप कुमार सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष शरद माहेश्वरी, जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा उपाध्याय प्रमुख रूप से शामिल रहे। इसके अलावा नगर पंचायत अध्यक्ष हेमलता अग्रवाल, डॉ. मथुरा प्रसाद गौतम, सुनील गौतम और भाजपा मंडल के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सांसद–विधायक समेत कई नेताओं ने की शिरकत, पहलगाम के पीड़ितों को दी श्रद्धांजलि

सादाबाद तहसील के कस्बा सहपऊ और सादाबाद में ऑपरेशन सिंदूर की विजय गाथा के प्रचार के लिए शौर्य तिरंगा शोभायात्रा निकाली गई। सहपऊ में यात्रा एमएल इंटर कॉलेज से शुरू होकर होल. ीगेट स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक पर संपन्न हुई।सादाबाद में यात्रा महाराजा अग्रसेन सेवा सदन से प्रारंभ होकर जवाहर बाग होते हुए गांधी पार्क पर समाप्त हुई। दोनों कस्बों में यात्रा के दौरान युवाओं ने भारत माता की जय, जय जवान और वंदे मातरम के नारे लगाए।स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक पर पहलगाम में मारे गए निर्दोष पर्यटकों और ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। मौजूद राजनेताओं ने कहा कि पाकिस्तान की किसी भी दुस्साहस का जवाब उसी की भाषा में दिया जाएगा।कार्यक्रम में सांसद अनूप वाल्मीकि, विधायक प्रदीप कुमार सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष शरद माहेश्वरी, जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा उपाध्याय प्रमुख रूप से शामिल रहे। इसके अलावा नगर पंचायत अध्यक्ष हेमलता अग. ्रवाल, डॉ. मथुरा प्रसाद गौतम, सुनील गौतम और भाजपा मंडल के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## विकास कार्य न होने से नाराज ग्रामीणरूभूख हड़ताल की चेतावनी, सड़क और नाली समेत 8 मांगों को लेकर प्रदर्शन

हाथरस के सहपऊ क्षेत्र के गांव बास बित्ता के ग्रामीण आज कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा। ग्रामीणों ने कहा कि उनके गांव में कोई विकास कार्य नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर 31 मई तक उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो 1 जून 2025 से वे भूख हड़ताल शुरू करेंगे।उन्होंने कहा कि इसकी जिम्मेदारी शासन–प्रशासन की होगी। ग्रामीणों की प्रमुख मांगों में वासबित्ता से गुतहरा, शिखरा और बागपुर तक सड़क मार्ग का निर्माण शामिल है। साथ ही करकोली आश्रम से वासबित्ता तक सड़क बनाने की मांग की गई है।यह रहे मुख्य रूप से मौजूद... गांव के मुख्य मार्ग पर दोनों तरफ नाली, शमशान की व्यवस्था, पेयजल की सुविधा और आबादी क्षेत्र में आरसीसी का कार्य भी मांगों में शामिल है। ज्ञापन देने वालों में महेंद्र गुप्ता, खेम चंद्र, वीरेंद्र कुमार, योगेश, मुकेश कुमार, संजय गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, तेज सिंह, जितेंद्र त्यागी, धर्मेंद्र त्यागी, विजय पाल, हरिओम और सतीश चंद्र सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## गर्मी में आंखों के मरीजों में बढ़ोतरीजिला अस्पताल में रोजाना 200 मरीज, एलर्जी और इंफेक्शन की समस्या

हाथरस में भीषण गर्मी का प्रकोप आंखों के मरीजों की संख्या में वृद्धि का कारण बन रहा है। जिला अस्पताल में रोजाना 200 से अधिक मरीज आंखों की समस्याओं के साथ पहुंच रहे हैं। प्राइवेट अस्पतालों में भी नेत्र रोगियों की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है।जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ सूर्य प्रकाश के अनुसार, गर्मी के मौसम में आंखों में सूखेपन की समस्या अधिक होती है। कम इम्युनिटी वाले लोग नेत्र संबंधी बीमारियों से ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। एलर्जी के मरीजों की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।डॉक्टरों ने आंखों की देखभाल के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। आंखों को साफ पानी से नियमित रूप से धोएं। गंदे हाथों से आंखों को न छुएं। तेज धूप में बाहर निकलने से बचें। किसी भी प्रकार की नेत्र समस्या होने पर तुरंत योग्य चिकित्सक से संपर्क करें।प्राइवेट अस्पतालों में भी आ रहे काफी मरीज... पिछले कुछ समय की तुलना में आंखों के मरीजों की संख्या में 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। गर्मी और तेज हवाओं के कारण लोगों को आंखों में एलर्जी और संक्रमण की समस्याएं हो रही हैं। प्राइवेट अस्पतालों में भी नेत्र रोगियों की संख्या में वृद्धि हुई है।

## तेज आंधी से टूटी बिजली लाइनेंरूसासनी में कर्मचारियों ने कई घंटों की मेहनत से की मरम्मत, सप्लाई बहाल

सासनी क्षेत्र में तेज आंधी के कारण विद्युत लाइनें और पोल टूट गए। इससे कई इलाकों की बिजली सप्लाई बाधित हो गई। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए कर्मचारियों को मरम्मत के लिए भेजा।कर्मचारी सुबह से ही विद्युत लाइनों की मरम्मत में जुट गए। गर्मी के मौसम में उपभोक्ताओं को परेशानी न हो, इसके लिए विभाग ने विशेष ध्यान दिया। मंगलायतन फीडर पर भी लाइनों को दुरुस्त किया गया।मरम्मत कार्य में मुनेंद्र कुमार, शकील समेत अन्य कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कर्मचारियों की तत्परता से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बहाल हो गई। विभाग ने सभी प्रभावित इलाकों में सप्लाई सुचारू कर दी है।

## लखनऊ में कला और साहित्य का महासंगम268 कलाकारों ने दी प्रस्तुतियां, राधा–कृष्ण स्वरूप दंपति को विशेष सम्मान

लखनऊ के अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश, कलार्पण भारत और बेसिक एजुकेशन मूवमेंट ऑफ इंडिया ने किया।प्रदेश के विभिन्न जिलों से 268 प्रतिभागियों ने कार्यशाला में भाग लिया। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने डॉ. सतना और डॉ. पुष्पेंद्र सिंह को साहित्य एवं कला साधक सम्मान से सम्मानित किया। दोनों कलाकारों ने भगवान राधा–कृष्ण की प्रस्तुति दी। डॉ. पुष्पेंद्र सिंह ने उपमुख्यमंत्री को अपनी बेस्ट सेलर पुस्तक श्बेटियाँश भेंट की।सम्मान पाकर खिले चेहरेकार्यक्रम की अध्यक्षता कलार्पण भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. शिव प्रकाश सिंह और बेसिक एजुकेशन मूवमेंट के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. पुष्पेंद्र सिंह ने की। डॉ. सतना और डॉ. संजय सिंह ने मंच का संचालन किया। डॉ. राजेश



शर्मा को उत्कृष्ट काव्य और सांस्कृतिक प्रस्तुति के लिए प्रथम स्थान मिला।उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भारतीय लोक कलाओं को आत्मा बताते हुए इन्हें जीवित रखने की जिम्मेदारी सभी की बताई। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि यह आयोजन शिक्षा, कला और संस्कृति के माध्यम से समाज को जागरूक करने का प्रयास था। कार्यक्रम में राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## हाथरस में हिंदू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष संदीप शर्मा के वृंदावन गार्डन स्थित कैंप कार्यालय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया

हाथरस में हिंदू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष संदीप शर्मा के वृंदावन गार्डन स्थित कैंप कार्यालय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान हाथरस लोकसभा सांसद अनूप प्रधान वाल्मीकि का संगठन के पदाधिकारियों से परिचय और स्वागत हुआ। कार्यकर्ताओं ने सांसद का फूल माला और दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।जिलाध्यक्ष संदीप शर्मा ने उन्हें पगड़ी पहनाकर और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद प्रधान ने कहा कि वे संगठन के कार्यकर्ताओं की मदद के लिए हर समय उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने संगठन की समस्याओं के समाधान के लिए पूर्ण समर्पण का आश्वासन दिया।ये रहे मौजूद कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हिंदू जागरण मंच के प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख अभिषेक रंजन आर्यजिला सह संयोजक नरेंद्र प्रेमी, रमन बिहारी शर्मा, शिवम शर्मा और हसायन के ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र सिंह उपस्थित थे। इसके अलावा सांसद प्रतिनिधि राजेश सिंह गुड्डू, भाजपा नेता अनुज चौधरी और संगठन के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सांसद ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## रेलवे ट्रैक पर गिरा पेड़, सुबह हाथरस किला पहुंची एचएडी

हाथरस जंक्शन स्टेशन से हाथरस किला स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक पर एक पेड़ गिर गया, जिससे ट्रैक बाधित हो गया। यहां संचालित होने वाली एचएडी पैसेंजर ट्रेन करीब साढ़े नौ घंटे देरी से रात की जगह सुबह स्टेशन पर पहुंची। यात्रियों को हाथरस जंक्शन पर अपनी यात्रा खत्म कर अन्य माध्यम से हाथरस शहर आना पडदिल्ली से चलकर हाथरस किला आने वाली 64582 एचएडी पैसेंजर ट्रेन बुधवार की रात करीब तीन घंटे की देरी से सासनी रेलवे स्टेशन पर पहुंची थी। ट्रेन कुछ समय बाद हाथरस जंक्शन स्टेशन पर प्रवेश कर गई, लेकिन हाथरस किला स्टेशन के लिए रवाना नहीं हो पाई। ट्रेन को सुबह तक हाथरस किला स्टेशन पर ही खड़े रखा गया।बृहस्पतिवार सुबह करीब 07रू24 बजे यह ट्रेन हाथरस किला स्टेशन पहुंच पाई। यहां से हर रोज सुबह 05रू35 बजे दिल्ली के लिए रवाना होने वाली इस ट्रेन को सुबह करीब साढ़े आठ बजे दिल्ली के लिए रवाना किया जा सका। इसके चलते यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बड़ी संख्या में यात्री यात्रा रद्द करके लौट गए। पीआरओ प्रयागराज मंडल अमित कुमार सिंह ने बताया कि आंधी के कारण दिक्कत हुई होगी, जिससे ट्रेन देरी से संचालित हुई।

अलीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव केवलगढ़ी के मोड़ के पास बुधवार रात करीब साढ़े नौ बजे दो बाइकें आपस में भिड़ गईं।बाइक से गिरी एक युवती की ट्रैक्टर से कुचलकर मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहे उसके जीजा और दूसरी बाइक सवार युवक घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया एवं साली के शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया ।मथुरा जिले के थाना फरह क्षेत्र के गांव पिंगरी निवासी 19 वर्षीय सोनिया पुत्री कारेलाल चंदपा कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला भुस में अपनी बहन के यहां आई थी। बुधवार की रात करीब साढ़े नौ बजे सोनिया अपने जीजा प्रमोद के साथ बाइक से सादाबाद से लौट रही थी।गांव केवलगढ़ी के मोड़ पर एक दूसरी बाइक ने प्रमोद की बाइक में टक्कर मार दी, जिसमें बाइक सवार जीजा–साली सड़क पर गिर गए, तभी पास से गुजर रहे ट्रैक्टर ने सोनिया को कुचल दिया।मौके पर चंदपा कोतवाली प्रभारी विजय सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने सोनिया को मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत की बात सुनकर परिजन रोने–बिलखने लगे। मौका मिलते ही चालक ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया। चंदपा कोतवाली प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि दूसरे बाइक सवार को भी जिला अस्पताल भिजवा दिया है। अभी इस संबंध में कोई तहरीर नहीं दी गई है।

## डीआरएम से की मुरसान में रात की ट्रेनों के ठहराव की मांग

नगर पंचायत अध्यक्ष देशराज सिंह ने मुरसान के रेलवे स्टेशन पर रात के समय दो ट्रेनों का ठहराव कराने की मांग पूर्वोत्तर रेलवे की डीआरएम वीणा सिन्हा से की है।उन्होंने कहा कि रात्रि के समय मुरसान रेलवे स्टेशन पर किसी भी ट्रेन का ठहराव नहीं है, जिससे यहां यात्रियों को रात्रि में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुरसान स्वतंत्रता सेनानी राजा महेंद्र प्रताप सिंह की जन्मस्थली है। यहां से लगभग 85 ग्राम पंचायतों के हजारों लोग रोजाना रेल से यात्रा करते हैं, लेकिन रात्रि में चलने वाली ट्रेन संख्या 55336 और 55339 का मुरसान स्टेशन पर ठहराव नहीं है। इस कारण यात्रियों को मथुरा या हाथरस जाना पड़ता है।चेयरमैन ने कहा कि मुरसान रेलवे स्टेशन के सामने मथुरा–बरेली मार्ग पर सड़क किनारे पड़े रेलवे स्लीपर दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। अब तक दो दुर्घटनाओं में छह लोगों की मौत हो चुकी है। स्टेशन अधीक्षक और अन्य अधिकारियों से कई बार लिखित और




मौखिक शिकायत की गई, लेकिन स्लीपर और मलबा को अभी तक नहीं हटाया गया है। उन्होंने डीआरएम से दोनों समस्याओं के समाधान की मांग की है।

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मंजूरगढ़ी में समर कैंप का भव्य आयोजन




अलीगढ़ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, मंजूरगढ़ी में शुक्रवार को एक दिवसीय समर कैंप का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने छात्राओं की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बालिकाओं की सृजनात्मकता, आत्मविश्वास एवं व्यक्तित्व विकास को नया आयाम मिलता है। उन्होंने विद्यालय प्रशासन को ऐसी गतिविधियों के नियमित आयोजन के लिए प्रेरित किया।समर कैंप के अंतर्गत छात्राओं ने विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं, चित्रकला, निबंध लेखन, योग प्रदर्शन, हस्तकला कार्यशाला, गृह विज्ञान विषय में सिलाई, कढ़ाई, मेंहदी, केश सज्जा, पाक कला जैसी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके अतिरिक्त छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों–नृत्य, समूह गान, नाटक ने उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय की छात्राओं में डीएम–सीडीओ को टीका लगाकर सम्मा. नित किया और मौसमी फलों, सब्जियों की महत्ता के बारे मे बताया।विद्यालय की वार्डन अन्जू सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि समर कैंप का उद्देश्य छात्राओं को पाठ्यक्रम के अतिरिक्त गतिविधियों से जोड़ना एवं उन्हें मानसिक व शारीरिक रूप से सशक्त बनाना है। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की वॉउन की अगुवाई में किया गया एवं समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।पीएमश्री कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय का किया निरीक्षणरूडीएम–सीडीओ ने

कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय के उपरांत पीएमश्री कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय का भी निरीक्षण किया। डीएम ने इस दौरान विद्यालय में बाल वाटिका का फीता काटकर लोकार्पण किया और कम्प्यूटर लैब में विद्यार्थियों से कम्प्यूटर का संचालन भी देखा। विद्यालय में विद्यार्थियों के मध्य जलेबी दौड़, खों–खों, रंगोली प्रतियोगिता भी हुईं।इस अवसर पर बीएसए राकेश कुमार सिंह, एबीएसए सुनील दत्त मुद्गल, एएओ ज्ञानेन्द्र कुमार, पीटीआई सुशील कुमार, पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय की प्रधानाचार्या तबस्सुम समेत अन्य शिक्षक–शिक्षिकाएं, जिला समन्वयक एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला ई–गवर्नेन्स सोसाइटी की बैठक संपन्न

अलीगढ़ जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलैक्ट्रेट में जिला ई–गवर्नेन्स सोसाइटी की बैठक आहुत की गई। बैठक में डिजिटल सेवाओं के सुदृ ढ़ीकरण, सरकारी योजनाओं की आनलाइन उपलब्धता एवं नागरिकों को सुगम डिजिटल सेवाएं प्रदान करने के संबंध में विस्तार से विचारविमर्श किया गया। डीएम ने ईगवर्नेन्स से जुड़े अधिकारियों को निद. 'शित किया कि वह अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए डिजिटल सेवाओं में तेजी लाएं बैठक में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय एवं अटल आवासीय विद्यालय समेत कुल 14 विद्यालयों में रोबो. टिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं कोडिंग से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किए जाने पर स्वीकृति प्रदान की गई। राजस्व अभिलेखागार को पूर्ण रूप से डिजिटाइज्ड किए जाने का कार्य आरंभ होने की जानक. ारी दी गई। इससे आमजन को अभिलेखों की नकल आदि प्राप्त करने में आसानी होगी, वहीं प्रपत्रों का रखरखाव भी बड़े अच्छे ढंग से हो सकेगा। बैठक में अन्य नई योजनाओं के साथ ही ई–ऑफिस समेत नई तकनीकियों के समावेश पर भी सहमति प्रदान की गई।

डीएम ने कहा कि डिजिटल इण्डिया मिशन के तहत जिले में ईगवर्नेन्स सेवाओं को सुलभ और बनाना उनकी प्राथमिकता में है। उन्होंने बीएसएनएल के अधिकारियों को निर्देशित किया कि पंचायत भवनों में भारत नेट की सुविधा को सुदृढ़ बनाते हुए पंचायतों को जल्द से जल्द डिजिटली सशक्त बनाएं। ई डिलीवरी के माध्यम से निर्गत होने वाले आय, जाति निवास प्रमाण पत्रों के आवेदनों की सापेक्ष 5 रुपए प्रति आवेदन के हिसाब से होने वाले लेखपालों का भुगतान दिसम्बर 2024 तक किए जाने की जानकारी दी गई। अब आगे तय की गई व्यवस्थाओं के अनुरूप वर्ष में 02 बार अक्टूबर से मार्च एवं अप्रैल से सितम्बर तक की अवधि में किया जाएगा।बैठक का संचालन ईडीएम मनोज राजपूत द्वारा किया गया। बैठक में सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, एडीएम प्रशासन पंकज कुमार, सीएमओ डॉ0 नीरज त्यागी, डीआईओ एनआईसी विनोद कुमार समेत अन्य अधिकारीगण उप. स्थित रहे।

## पीटीए मार्ग के अलीगढ़–पलवल सेक्शन में भू–अर्जन से प्रभावित कोल एवं खैर के ग्रामों में 24 मई से बंटेगा प्रतिकर

अलीगढ़ अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पंकज कुमार ने बताया है कि राष्ट्रीय रा. जमार्ग संख्या–334 अलीगढ़–पलवल से. क्शन के निर्माण एवं चौड़ीकरण में भू–अर्जन से प्रभावित तहसील कोल एवं खैर के भू–स्वामियों को प्रतिकर की धन. राशि वितरित की जानी है। उन्होंने बताया कि भू–अर्जन से प्रभावित उक्त ग्रामों के भू–स्वामियों को प्रतिकर की धनराशि वित. रित किए जाने के लिए विभिन्न तिथियों में शिविर आयोजित किए जाने के लिए का. र्मिकों की तैनाती कर दी गई है। उन्होंने बताया कि असरोई, पड़ील, मुकन्दपुर में 24 मई, लौहसरा विसावन, लोधा, अण्डला में 26 मई, करसुआ, बांकनेर, नगला अस्सू में 27 मई, रेसरी, इतवारपुर, गनेशपुर में 28 मई, जलालपुर, बुलाकीपुर, हीरपुरा में 29 मई, फाजिलपुर कलां, सोतीपुरा, उसरह रसूलपुर में 30 व 31 मई, खण्डेहा, टप्पल, घरबरा में 02 से 04 जून, हामिदपुर, स्यारौल, डोरपुरी में 05 मई एवं लोधा व लॉहसरा विसावन में 06 जून को शिविर लगाए जाएंगे। एडीएम प्रशासन ने तैनात किए गए क्षेत्रीय लेखपाल, भूमि अध्याप्ति अमीन एवं भूमि अध्याप्ति सहायक को निर्देशित किया है कि प्रतिकर वितरण की कार्यवाही यथाशीघ्र संपादित करते हुए प्रतिदिन की आख्या उपजिलाधिकारी खैर को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## माo अध्यक्ष जिला पंचायत की अध्यक्षता में जिला खेल प्रोत्साहन समिति की बैठक संपन्न




अलीगढ़अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती विजय सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलैक्ट्रेट सभागार में आहूत जिला खेल प्रोत्साहन समिति की बैठक में खेल गति. विधियों को और अधिक सुदृढ़ एवं व्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निरन्तर खेलों के प्रोत्साहन के लिए विभिन्न प्रकार की सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए करोड़ों की लागत से भव्य हॉस्टल बनवाया जा रहा है जिला स्तर से निकलकर गांव तक मे स्टेडियम बनवाये जा रहे हैं। मा0 विधायक कोल श्री अनिल पाराशर ने कहा कि तन स्वस्थ है तभी मन स्वस्थ रह सकता है, ऐसे में अधिकाधिक खेल गतिविधियां हों हम सभी का समेकित प्रयास होना चाहिए। उन्होंने बैठक को हर तीन माह पर आयोजित कराने एवं सक्रिय खिलाड़ियों को भी बैठक में आंमत्रित किए जाने का सुझाव दिया। मा0 विधायक की पहल पर स्टेडियम में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा स्थापित किए जाने पर भी सहमति प्रदान की गई। उन्होंने स्टेडियम में खेल सुविधाएं एवं शुल्क संबंधी बोर्ड स्थापित किए जाने का भी प्रस्ताव रखा। बैठक में खेल सुविधाओं के विस्तार, खिलाड़ियों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं में सुधार और आगामी खेल प्रतियोगिताओं की तैयारी से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खेल मैदानों की दशा सुधारने के साथसाथ ग्रामीण स्तर पर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। धावक गुलवीर का सम्मान, विभिन्न प्रकार के मरम्मत कार्य, शौचालय निर्माण संबंधी कार्य खेल प्रोत्साहन धनराशि से कराए जाने पर भी सहमति बनी। बैठक में खेल प्रशिक्षकों मुकेश कुमार एवं लोकेश कुमार का भी मानदेय बढ़ाया गया। जिले में संचालित सभी जिम का पंजीकरण कराए जाने पर भी सहमति व्यक्त की गई। इसके साथ ही जिला क्रीड़ा अधिकारी को अधिकार दिए गए कि वह प्रतिमाह 5000 रूपये की धन. राशि से आवश्यकतानुरूप मरम्मत कार्य करा सकेंगे।इस अवसर पर मा0 पूर्व विधायक श्री विवेक बंसल, मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह, एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट, एडीएम प्रशासन पंकज कुमार, सीएमओ डा0 नीरज त्यागी, जिला क्रीड़ा अधिकारी राम मिलन, अर्जुन सिंह फकीरा, डा0 शाहनवाज खान, शमशाद निसार आजमी, जिला युवा अधिकारी तन्वी समेत खेल समिति के सदस्य एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक 23 मई को

अलीगढ़जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में 26 मई को सांय 04 बजे जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की जाएगी।मुख्य विकास अधिकारी डा0 नीरज त्यागी ने उक्त जानकारी देते हुए संबंधित अधिकारियों एवं चिकित्सकों से अद्यतन सूचनाओं सहित ससमय बैठक में प्रतिभाग करने का अनुरोध किया है।

## गृहकर वसूली में अव्वल नगर निगम से महानगर में वार्ड नं ४४ पीड़ित श्रमिकों ने संयुक्त श्रमिक किसान मोर्चा बैनर तले कलैक्ट्रेट पहुंच किया प्रदर्शन

अलीगढ़, संयुक्त श्रमिक किसान मोर्चा के संस्थापक जितेंद्र शर्मा के नेतृत्व में महानगर के वार्ड नं 44 पीड़ित श्रमिकों ने आज दिनांक 23 मई को कलैक्ट्रेट पहुंच डी एम कार्यालय सामने धूप में बैठ जमकर नगर निगम विरुद्ध नारेबाजी की मोर्चा संस्थापक जितेंद्र शर्मा ने बताया कि वार्ड नं 44 जहां अधिकांश हिन्दू मुस्लिम मिश्रित श्रमिक बस्ती क्षेत्र है स्थानीय निवासियों द्वारा लम्बे समय से नगर निगम से मांग को लेकर अवगत कराया जाता रहा लेकिन पटल पर दूर–दूर तक नगर निगम के कान में जूं नहीं रेंगी नालियां निर्माण व सड़क निर्माण न होने चलते मंदिर जाते हिंदूओं को व मस्जिद जातें नमाजियों को गंदे पानी से गुजरना पड़ता है जिससे उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचती है और मजदूरों की पीड़ा को नगर निगम लम्बे अंतराल से अनदेखी कर रहा जबकि गृहकर वसूली में अव्वल है उक्त संदर्भ में आज जिलाधिकारी कार्यालय पर एसीएम द्वितीय श्री आशुतोष सिंह को ज्ञापन प्रेषित कर अवगत कराया गया है शीघ्र मजदूरों की बस्ती में सड़क निर्माण नालियां निर्माण न हुआ तो संयुक्त श्रमिक किसान मोर्चा स्थानीय मजदूरों साथ जनांदोलन छेड़ देगा अमीरों के क्षेत्र में विकास कार्य रुकता नहीं जबकि नौकरशाह को तनख्वाह देश के बड़े आबादी तबका मजदूरों से प्राप्त होता है प्रदर्शन करने वालों में मोर्चा मण्डल अध्यक्ष मोहम्मद शाकिर,प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा नरेंद्र चौधरी , जिलाध्यक्ष मोहम्मद रिजवान शाह, जिला संगठन मंत्री मुमताज रूस्तम, आसिफ पठान,जिला उपाध्यक्ष फरमान खान, इगलास विधानसभा अध्यक्ष नासिर शाह,मदन मोहन, शबाना खान, नादिरा, रूखशाना बेगम, चांदनी,शबा बेगम, मो. हसिन खान, अशोक शर्मा, अभिषेक शर्मा, ठाकुर प्रमोद चौहान, प्रवीण पाण्डेय आदि दर्जनों श्रमिक साथियों की मौजूदगी रही

## यूपीएससी की प्रारम्भिक परीक्षा 25 मई को 16 केंद्रों पर

अलीगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक परीक्षा 25 मई रविवार को जिले के 16 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। यूपीएससी की यह परीक्षा दो पालियों में प्रातः 09:30 बजे से 11:30 एवं अपरान्ह 2:30 बजे से 04:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए 7297 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा को शांतिपूर्ण ढ़ंग से संपन्न कराने के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ ही पर्याप्त पुलिस बल तैनात कराए गए हैं। सभी सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट केंद्र सुपरवाइजर से समन्वय स्थापित कर आयोग के दिशा–निर्देशों के तहत परीक्षा संपन्न कराएंगे। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट ने बैठकर संबंधित पुलिस, प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। परीक्षा केंद्र बाबूलाल जैन इंटर कॉलेज, चंपा अग्रवाल गर्ल्स इंटर कॉलेज, धर्म समाज महाविद्यालय, गोपीराम पालीवाल इंटर कॉलेज, हीरालाल बारहसैनी इंटर कॉलेज, एसएमबी इंटर कॉलेज, श्री टीकाराम कन्या इंटर कालेज, श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय, श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय, श्री उदय सिंह जैन कन्या इंटर कॉलेज, अग्रसेन इंटर कॉलेज हरदुआगंज, नौरंगीलाल राजकीय इंटर कालेज, कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल, गौरव इंटर कालेज, ज्ञान महाविद्यालय, गगन कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में बनाए गए परीक्षा केंद्रों में परीक्षा आयोजित की जाएगी। संघ लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा के लिए अपर जिलाधिकारी नगर को नोडल अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक अपराध को सम्पूर्ण परीक्षा के लिए प्रभारी बनाया गया है। अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय अपनी देखरेख में गोपनीय सामग्री आयोग से प्राप्त होने पर कोषागार के डबल लॉक में रखवायेंगे और परीक्षा वाले दिन गोपनीय सामग्री कोषागार के डबल लॉक से निकलवाकर सम्बन्धित सेक्ट्रर मजिस्ट्रेट को हस्तगत करायेंगे। समस्त लोकल इस्पेक्टिंग आफीसर सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र पर तैयारियो का गहन परीक्षण कर पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे और परीक्षा के दिन सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित रहकर अपनी देखरेख में निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण परीक्षा सुनिश्चित करायेंगे और परीक्षा सम्पन्न होने के उपरान्त सीलबन्द परीक्षा सामग्री केन्द्र सुपरवाइजर के माध्यम से मुख्य डाकघर पहुँचायेंगे। समस्त सेक्ट्रर मजिस्ट्रेट परीक्षा के दौरान भ्रमणशील रहते हुए पर्यवेक्षक से समन्वय बनाए रखेंगे। सभी सेक्ट्रर मजिस्ट्रेट इस बात का ध्यान रखेंगे कि परीक्षा उपरान्त गोपनीय सामग्री समय से पोस्ट आफिस के माध्यम से आयोग को डिस्पेच हो जाय। अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देशित किया गया कि परीक्षा के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराएंगे।

## मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मण्डलीय उद्योग बन्धु की बैठक संपन्न

अलीगढ़ आयुक्त, अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़ संगीता सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में मण्डलीय उद्योग बन्धु बैठक का आयोजन किया गया। मण्डलायुक्त ने कहा कि शासन द्वारा जिला, मण्डल एवं राज्य स्तर पर उद्यमियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए त्रिस्तरीय व्यवस्था की गई है। उन्होंने उद्यमियों से आव्हान किया कि जो प्रकरण जिला उद्योग बन्धु की बैठक में निस्तारित हो सकते हों, उनको मण्डलीय उद्योग बन्धु बैठक में न रखा जाए। उन्होंने उद्यमियों के सुझाव पर एक तरह की समस्याओं के निस. तारण के लिए उस विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ पृथक से बैठक कराने के भी निर्देश दिएबैठक में औद्योगिक क्षेत्र तालानगरी में ईएसआई हास्पीटल की शाखा खोले जाने के संबंध में निर्देशित किया गया कि तालानगरी के आसपास स्थित किसी भी निजी चिकित्सालय जिसमें समुचित ईलाज संभव हो सके ईएसआई से संबद्ध करने के लिए जल्द से जल्द प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा में पाया गया कि अलीगढ़ विकास प्राधिकरण द्वारा समयसीमा के उपरांत एक प्रकरण का निस्तारण किया गया है जबकि मण्डल के अन्य जिलों में समयसीमा के उपरांत निस्तारण का कोई प्रकरण नहीं है। मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को सचेत किया कि पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के निस्तारण में समयसीमा का इंतजार न करें, आवेदन प्राप्त होते ही उसका गुणवत्तापरक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। पोर्टल पर समय सीमा के अन्तर्गत अलीगढ़ में राजस्व विभाग के 18, यूपीसीडा एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के 20–20 समेत 87, एटा में कृषि विभाग के 13 व श्रम विभाग के 06 समेत 23, हाथरस में श्रम व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के 06–06 समेत 26 एवं कासगंज में विभिन्न विभागों के 09 प्रकरण लंबित हैं। मण्डलायुक्त ने सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्धता से गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिएमण्डलायुक्त ने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार, ओडीओपी एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा में मुख्यमत्री युवा स्वरोजगार में 469 भौतिक लक्ष्य के सापेक्ष 122 का प्रेषण, 17 की स्वीकृति एवं मात्र 07 का वितरण होने पर नाराजगी प्रकट की। इसी प्रकार ओडीओपी में 236 के सापेक्ष 30 का प्रेषण एवं 11 की स्वीकृति व वितरण और सीएम युवा में 7800 के सापेक्ष 3920 का प्रेषण, 806 की स्वीकृति एवं 599 को ऋण वितरण किए जाने पर बैंकर्स को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि सरकार स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए संकल्पित है, बैंकर्स जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में रोड़ा न अटकाएं। उन्होंने कहा कि यदि किसी आवेदन में कोई त्रुटि हो तो आवेदनकर्ता को सूचित कर उसे दूर कराते हुए लाभान्वित किया जाए।बैठक में चारो जिलों के उपायुक्त उद्योग, मण्डलीय अधिकारी एवं उद्यमी उपस्थित रहे बैठक का संचालन संयुक्त आयुक्त उद्योग बीरेन्द्र कुमार द्वारा किया गया।

# कासगंज में आयुषी हाइजीन प्राइवेट लिमिटेड के सफाई कर्मचारियों ने वेतन नहीं मिलने के विरोध में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया



कासगंज में आयुषी हाइजीन प्राइवेट लिमिटेड के सफाई कर्मचारियों ने वेतन नहीं मिलने के विरोध में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। कर्मचारी फरवरी 2023 से नगर पालिका कासगंज में डोर टू डोर कूड़ा संग्रह का काम कर रहे हैं।पिछले 4 महीने से कर्मचारियों को वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। कंपनी प्रबंधन का कहना है कि नगर पालिका से उन्हें भुगतान नहीं मिल रहा है। नगर पालिका के ईओ ने इस मामले में चेयरमैन पर भुगतान रोकने का आरोप लगाया है।कर्मच. ारियों ने बताया कि वे आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। उनके घरों में भोजन की व्यवस्था भी मुश्किल हो रही है। ईओ द्वारा समस्या का समाधान न किए जाने के कारण उन्होंने जिलाधिकारी का दरवाजा खटखटाया है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि 3 दिन के भीतर वेतन का भुगतान नहीं किया गया तो वे कलेक्ट्रेट पर अनिश्चितकालीन धरना देंगे।

# कासगंज पुलिस और SOG टीम ने 8 चोरों को दबोचा, 11 बाइक बरामद, दिल्ली–नोएडा और आस पास से चुराते थे बाइक

कासगंज पुलिस और ैव्ळ टीम ने अंत. रराज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। थाना कासगंज, एसओजी और सर्विलांस की संयुक्त टीम ने 8 शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 11 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में गठित पुलिस और ैव्ळ की टीम ने एटा रोड स्थित दाऊजी सरिया फैक्ट्री के सामने से आरोपियों को पकड़ा। मुख्य आरोपी सचिन पुत्र मुकेश निवासी मनिकापुर, थाना सोरों, कासगंज की निशानदेही पर यह कार्रवाई की गई।बरामद मोटरसाइकिलों में से 2 बाइक थाना बुराड़ी दिल्ली से, 1 बाइक सेक्टर 63 नोएडा से, 1 बाइक थाना जैथरा एटा से और 1 बाइक थाना सोरों कासगंज से चोरी की गई थीं। अन्य बरामद



मोटरसाइकिलों की जांच जारी है।पूछताछ में पता चला कि आरोपी दिल्ली, नोएडा और आसपास के जिलों से मोटरसाइकिलें चुराते थे। वे चोरी की बाइक को कम कीमत में राहगीरों को बेच देते थे। सभी आरोपियों के खिलाफ पहले से भी मामले दर्ज हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# कासगंज गांव में विवाद की सूचना पर पहुंचे पुलिस वालों की फाड़ी वर्दी...गाड़ी में आग लगाने की कोशिश

कासगंज गांव उकुर्री में झगड़े की सूचना पर पहुंची पीआरबी 1128 पर तैनात पुलिस कर्मियों पर ग्रामीणों ने लाठी डंडों से जानलेवा हमला बोल दिया। पुलिस कर्मियो की वर्दी फाड़ी, वाहन में आग लगाने की कोशिश की। इस मामले में पीड़ित पुलिस ने सात नामजद सहित पांच, सात अज्ञात ग्रामीणों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में हैरत की बात यह कि पुलिस कर्मियों की पिटाई के बाद सत्ताधारी नेता कोतवाली में फैसला कराने पहुंच गये, लेकिन कोतवाल के आगे उनकी एक नहीं चली। मुकदमा दर्ज हो गया।सोरों कोतवाली क्षेत्र में पीआरबी 1128 पर दिलीप कुमार कांस्टेबल के रूप में तैनात हैं। उन्होंने पुलिस को तहरीर बताया गुरूवार की सुबह 6रू54 पर सूचना प्राप्त हुई थी कि राजेंद्र पुत्र यादराम निवासी उकुर्री ने सूचना दी कि जमीनी विवाद को लेकर मारपीट कर रहे हैं। पीआरबी मौके पर पहुंच गई। पीआरबी पर कुल तीन पु. लिसकर्मी तैनात थे। जिनमें मनोज कुमार,दीपक कुमार, दिलीप। कुमार। इसी बीच गांव के बीरेंद्र,बल्लू, भूरे, देवेंद्र, पूनम, संतोषी, मीरा के अलावा पांच सात अज्ञात लोग लाठी डंडा लेकर आ गये। पुलिस कर्मियों को घेर कर मारपीट करने लगे। वर्दी फाड़ दी। पीआरबी 1128 में आग लगाने का प्रयास किया। पुलिस कर्मी किसी तरह अपनी जान बचाकर वैंरग लौट आये। थाने में आकर उक्त सात नामजद सहित पांच, सात अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर जगदीश चंद्र ने बताया पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट करने वाले सात नामजद सहित पांच, सात अज्ञात ग्रामीणों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।पुलिस की पिटाई का फैसला कराने पहुंच सत्ताधारी गांव में उकुर्री में पुलिस कर्मियों की हुई पिटाई का फैसला करने के दबंग ग्रामीणों की पक्ष से दो सत्ताधारी जन प्रतिनिधि भी पहुंच गये, लेकिन मामला पुलिस की पिटाई का था, इसलिए कोतवाल ने दोनों नेताओं की एक बात नहीं सुनी। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया।

# एटा के अवागढ़ थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया

एटा के अवागढ़ थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता के पति की नौकरी बाहर होने के कारण वह घर पर अकेली रहती है। बुधवार दोपहर करीब एक बजे गांव के ही मेघ सिंह और श्रीनिवास ने घर के बाहर शराब पीना शुरू किया।आरोपियों ने महिला से फ्रिज का ठंडा पानी मांगा। महिला द्वारा मना करने पर दोनों जबरन घर में घुस गए। आरोपियों ने महिला के साथ अश्लील हरकतें की। उसे बेड पर धक्का दे दिया। विरोध करने पर मारपीट भी की। आसपास के लोगों के एकत्र होने पर आरोपी धमकी देकर फरार हो गए।पीड़िता ने अगले दिन अवागढ़ कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने पर महिला शुक्रवार को एसएसपी एटा श्याम नारायण सिंह के कार्यालय पहुंची। एसएसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया है। आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# एटा में ट्रक ने युवक को कुचलाभाई के ढाबे से सामान लेने निकला था युवक, मधेपुरा गांव के पास हुआ हादसा

एटा जिले के मलावन थाना क्षेत्र के मधेपुरा गांव के पास शुक्रवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। 26 वर्षीय युवक सोनू पुत्र अरविंद निवासी मुकुटपुर, थाना जलेसर, अज्ञात ट्रक की चपेट में आ गया। हादसा इतना भयावह था कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सोनू अपने भाई के ढाबे पर आया हुआ था और वहां से कुछ सामान लेने के लिए निकला था। जैसे ही वह राधे राधे ढाबे के समीप नेशनल हाईवे पार कर रहा था, तेज रफ्तार में आ रहे अज्ञात ट्रक ने उसे कुचल दिया।मौके पर पहुंची पुलिस, शव मोर्चरी भेजा गयादुर्घटना की सूचना मिलते ही मलावन थाना प्रभारी रोहित राठी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे।

एंबुलेंस की मदद से मृतक का शव एटा जिला अस्पताल की मोर्चरी भेजा गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है।परिजनों में कोहराम, आरोपी वाहन की तलाश जारीयुवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घर में मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। मलावन थाना प्रभारी रोहित राठी ने बताया, "घटना की सूचना मिलते ही टीम तत्काल मौके पर पहुंची। युवक की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।"

# एटा में रुपए मांगने पर युवक को मारी गोली घर आकर की फायरिंग, पिता के साथ भी की मारपीट, दो आरोपी फरार

उत्तर प्रदेश के एटा जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र के पवास गांव में शुक्रवार को पैसों के लेनदेन को लेकर खूनी विवाद हो गया। युवक सौरव ने जब आरोपी अंकित और नन्हे से अपनी उधार दी रकम मांगी, तो पहले तो खेत में उसकी पिटाई की गई, फिर कुछ देर बाद आरोपी अपने चार साथियों के साथ सौरव के घर पहुंचे और ताबड़तोड़ तीन राउंड फायरिंग कर दी।फायरिंग के दौरान एक गोली सौरव के बड़े भाई गौरव को लग गई, जबकि पिता रामकिशन को भी आरोपियों ने पीटा। घायल गौरव को तत्काल एटा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।घटना के बाद गांव में दहशत, आरोपी फरारफायरिंग की आवाज सुनकर गांव में अफरातफरी मच गई। सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और पूरे इलाके की घेराबंदी की, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया है और



साक्ष्य जुटाने में जुटी है।एएसपी बोलेरू गुस्ताखी बर्दाश्त नहीं की जाएगीमौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार सिंह ने पीड़ितों से जानकारी ली। उन्होंने बताया कि वादी की तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। एएसपी ने सख्त लहजे में कहा, "लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, आरोपियों पर सख्त कार्रवाई होग. ी।"पीड़ित के भाई का आरोप सौरव ने बताया कि उसने काफी समय पहले अंकित और नन्हे को कुछ पैसे उधार दिए थे। कई बार मांगने पर भी जब पैसे नहीं लौटाए गए तो आज फिर उसने मांग की। इसी बात पर विवाद हुआ और जानलेवा हमला हो गया।

# गंगा स्नान के लिए गए बुजुर्ग का शव मिला 4 दिन से लापता थे महिपाल, मानिकपुर गांव के पास नाविकों ने देखा शव

कासगंज जिले के कोतवाली सहावर क्षेत्र के सियारपुर निवासी 60 वर्षीय महिपाल पुत्र तोताराम 18 मई को सुबह गंगा स्नान के लिए कछला गए थे। लेकिन इसके बाद वह घर नहीं लौटे। परिजनों ने उन्हें काफी तलाशा, मगर उनका कोई सुराग नहीं लगा।परिवारजन जब खुद की खोजबीन में असफल रहे, तो 21 मई को सहावर थाने में गुमशुदगी की तहरीर दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था, लेकिन तब तक महिपाल का कोई पता नहीं चल सका। 22 मई को नाव चला रहे लोगों ने मानिकपुर गांव के पास गंगा किनारे एक शव पड़ा देखा। उन्होंने इसकी सूचना आसपास के लोगों और फिर परिवार को दी। परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान महिपाल के रूप में की।पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजासूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल कासगंज भेज दिया है। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। प्रथम दृष्टया मामला गंगा में डूबने से मौत का प्रतीत हो रहा है, लेकिन पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। फिलहाल पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

# कासगंज अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के आठ सदस्य गिरफ्तार...चोरी की 11 बाइक भी बरामद

कासगंज एसपी अंकिता शर्मा के निर्देश पर एसओजी और सर्विलांस की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता मिली है। टीम ने आठ बाइक चोरों को गिरफ्तार कर दिल्ली, नोएडा, कासगंज, एटा से चोरी की गई 11 बाइक को बरामद किया है। एसपी ने बाइक चोर गिरोह का खुलासा करते सभी चोरों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेजा गया है। आरोपी कासगंज एटा से चोरी की गई बाइकों को दिल्ली के आस–पास जिलों में और दिल्ली नोएडा से चोरी की गई बाइकों को यहां लाकर सस्ते दामों में बेचते थे। पुलिस कार्यालय में बाइक चोर गिरोह का खुलासा करते हुए एएसपी राजेश भारती ने बताया कि जिले में बाइक चोरी की घटनाएं नि. रंतर सामने आ रहीं थीं। चोरों पर अंकुश लगाने के लिए एसओजी और सर्विलांस की टीम को लगाया था। टीम लगातार बाइक चोरों को गिरफ्तार करने के लिए जाल बिछा रही थी। टीम ने शुक्रवार की रात दो बजे के लगभग एटा रोड़ स्थित दाऊजी सरिया फैक्ट्री के सामने बंद पड़े भट्टे के पास से मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। जिनके कब्जे से चोरी की 11 बाइक बरामद हुई हैं। चोरों ने बताया कि वह दिल्ली, नोएडा से चोरी की गई बाइकों को कासगंज और एटा में बेचते थे, जबकि कासगंज एटा से चोरी की गई बाइकों को दिल्ली और नोएडा में ले जाकर सस्ते दामों में बेच देते थे। उन्होंने बाइक चोर गिरोह का खुलासा करते हुए सभी चोरों को संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज



कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेजा गया है। ये बाइक चोर चढ़े टीम के हत्थे एसओजी और सर्विलांस की टीम द्वारा पकड़े गए बाइक चोरों गिरोह का मुख्य सरगना सचिन यादव निवासी ग्राम मनिकापुर सोरों, विजय पाल निवासी मौजमपुर, संजीव कुमार निवासी उढेर पुख्ता, कन्हैया लाल निवासी मानपुर नगरिया, रामगोपाल निवासी कुंवरपुर, हेमंत निवासी देवी थाना सुन्नगढी, मनोज निवासी घिनौना थाना ढोलना, आस मो. हम्मद निवासी बिलराम थाना ढोलना को गिरफ्तार किया है। एएसपी राजेश भारती ने बताया कि यह सभी शातिर बाइक चोर हैं। जिनके खिलाफ बाइक चोरी के मामले में पूर्व में दर्ज है।